# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज उत्तराखंड के देहरादून में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - 2023 के समापन सत्र को संबोधित किया

3.5 लाख करोड़ रूपए के MoUs के साथ नए उत्तराखंड की अनंत संभावनाओं को तलाशने की शुरूआत हुई है, अब उत्तराखंड विश्व के सामने इकोफ्रेंडली तरीके से उद्योग जगत के साथ जुड़ने का एक मज़बूत उदाहरण बनेगा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मानना है, 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा

6 सालों में 30 से ज़्यादा पॉलिसी बनाकर उत्तराखंड एक Policy Driven State बना है, यहाँ अच्छे डेस्टिनेशन के साथ-साथ भ्रष्टाचार मुक्त शासन भी है, जो इन्वेस्टमेंट के लिए बहुत जरुरी है

अटल जी ने उत्तराखंड को बनाया था, मोदी ने उत्तराखंड को संवारा है और अब उनके ही नेतृत्व में राज्य आगे बढ़ रहा है

10 वर्षों में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है, इस प्रगति के पीछे मोदी जी का दूरदर्शी नेतृत्व है और अंतिम छोर तक बातों को फॉलो-अप करने की क्षमता भी है

मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में आए ये बदलाव 140 करोड़ भारतीयों के आत्मविश्वास का परिचायक हैं

2025 के अंत तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बन जाएगा

मोदी जी के नेतृत्व में पारदर्शिता के साथ विकास के सूत्र को जमीन पर उतारा गया है, मोदी जी ने जिस कठोरता के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम उठाए हैं, उससे ये तय है कि किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा

# भारत आज क्लाइमेट चेंज के आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है, मेक इन इंडिया के माध्यम से पूरी दुनिया की जीडीपी को गति देने का प्रयास कर रहा है और टेरर-फ्री दुनिया का नेतृत्व भी कर रहा है

# मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में 13.5 करोड लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, भारत की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने और माइनस 3 प्रतिशत कृषि विकास दर को 4.46 प्रतिशत तक लाने जाने में सफलता प्राप्त की है

Posted On: 09 DEC 2023 6:37PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज उत्तराखंड के देहरादून में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - 2023 के समापन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम साढ़े तीन लाख करोड़ रूपए के MoUs के साथ नए उत्तराखंड की अनंत संभावनाओं को तलाशने की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि अब उत्तराखंड विश्व के सामने इकोफ्रेंडली तरीके से उद्योग जगत के साथ जुड़ने का एक मज़बूत उदाहरण बनेगा। श्री शाह ने कहा

कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मानना है कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड एक ऐसा स्थान है जहां दैवीय शक्ति भी है और विकास भी और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी ने इसके साथ परफॉर्मेंस को भी जोड़ दिया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि श्री पुष्कर सिंह धामी जी के नेतृत्व के प्रयास से ही सुरंग में फंसे 41 मज़दूरों को सकुशल बाहर निकाला जा सका। उन्होंने कहा कि पूरा देश चिंतित था और वे स्वयं इस दौरान इस पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नज़र रख रहे थे और प्रधानमंत्री मोदी भी स्वयं इसे मॉनीटर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़े धैर्यपूर्वक उन फंसे हुए मज़दूरों का हौंसला बढ़ाने के साथ-साथ इस पूरे बचाव अभियान को धामी जी ने बहुत अच्छे तरीके से चलाया और कई बार वहां से उत्तराखंड की जनता को संबोधित भी किया। श्री शाह ने कहा कि धामी जी के चेहरे पर एक अद्भुत शांति और आत्मविश्वास था, जो एक नेतृत्व के लिए बहुत बड़ी बात है।



श्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा उत्तराखंड की स्थापना को पीछे उद्देश्य था कि इतने बड़े उत्तर प्रदेश राज्य में उत्तराखंड का विकास नहीं हो पा रहा था। उन्होंने कहा कि आज दो दशक के सफर के बाद ये कह सकते हैं कि अटल जी ने उत्तराखंड को बनाया था, प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड को संवारा है और अब उनके ही नेतृत्व में राज्य आगे बढ़ रहा है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में साढ़े तीन लाख करोड़ रूपए के MoUs हुए और इस दौरान राज्य में अनंत संभावनाओं को खोलने वाली कई तरह की नई शुरूआत हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है जिससे पूरी दुनिया चकाचौंध हो गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रगति के पीछे प्रधानमंत्री मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व भी है और नेतृत्व के अंतिम छोर तक बातों को फॉलो-अप करने की क्षमता भी है। श्री शाह ने कहा कि इन दोनों वजहों से आज पूरी दुनिया भारत की ओर बहुत आशा के साथ देख रही है और प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे सामने लक्ष्य रखा है कि 2047 तक भारत एक पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में हर क्षेत्र में विश्व में सर्वप्रथम हो। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने भारत के युवाओं के लिए इस लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में सभी संभावनाओं को खुला रखा है।

उन्होंने कहा कि विश्व में आगे बढ़ने के लिए अब भारत का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतत्व में वर्ष 2025 के अंत तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत की आज़ादी के 75 सालों में हमारी अर्थव्यवस्था ने इतनी बड़ी छलांग नहीं लगाई जो 2014 से 2023 के बीच लगाई है।



श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज आज क्लाइमेट चेंज के आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है, मेक इन इंडिया के माध्यम से पूरी दुनिया की जीडीपी को गति देने का प्रयास कर रहा है और टेरर-फ्री दुनिया का नेतृत्व भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की विज़नरी लीडरशिप के कारण भारत में इतने बहुआयामी बदलाव हुए हैं। श्री शाह ने कहा कि जी20 बैठक के दौरान दिल्ली घोषणापत्र कूटनीति के क्षेत्र में भारत को नई ऊंचाई पर ले जाने वाला है जिसे दशकों तक याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान अफ्रीकन यूनियन को सदस्य बनाने से दुनिया के पिछड़े देशों का नेतृत्व ऑटोमेटेकली भारत के पास आ गया है, इस प्रकार का विजनरी नेतृत्व श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में 13.5 करोड लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, भारत की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने और माइनस 3 प्रतिशत कृषि विकास दर को 4.46 प्रतिशत तक लाने जाने में भी सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि 2014 में भारत में सिर्फ 4 यूनिकॉर्न स्टार्टअप थे और आज 110 भारतीय स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हैं और भारत के युवाओं ने विश्व में देश को यश दिलाने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि अब तक का सबसे ज्यादा FDI 84.8 बिलियन डॉलर 2022 में आया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में आए ये बदलाव 140 करोड़ भारतीयों के आत्मविश्वास का परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश में विरासत और तकनीक दोनों क्षेत्रों में एक साथ काम हुआ है और प्रशासन व्यवस्था में भी अनेक प्रकार के परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में राजनीतिक स्थिरता, भ्रष्टाचारमुक्त शासन, जनकल्याण की नीतियां, इन्वेस्टमेंट फ्रैंडली एजेंडा और शांतिपूर्ण माहौल आए हैं।



श्री अमित शाह ने कहा कि अटल जी ने उत्तराखंड, झारखंड और छत्तीसगढ़ का गठन विकास को गति देने के लिए किया था और आज इसका परिणाम पूरी दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व और श्री पुष्कर सिंह धामी जी के मुख्यमंत्री काल में उत्तराखंड ने सबसे ज्यादा प्रगति की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने हर क्षेत्र में प्रगति की है, चाहे नए इनीशिएटिव लेने हों, भारत की सीमाओं पर स्थ्त गांवों से पलायन को रोकना हो, यात्रा सुचारू रूप से चलाना हो, इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करना हो या फिर इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली नीति बनानी हो, 6 सालों में 30 से अधिक नीतियां बनाकर उत्तराखंड एक पॉलिसी ड्रिवन स्टेट बन गया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में भ्रष्टाचारमुक्त शासन है जो निवेश के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज कई राज्यों में पारदर्शिता के साथ विकास के सूत्र को जमीन पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जिस कठोरता के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम उठाए हैं, उससे ये तय है कि किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। श्री शाह ने कहा कि उत्तराखंड में हर क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सबसे शांत और सुरक्षित राज्य उत्तराखंड है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन, सेवा, MSME, लॉजिस्टिक्स, कस्टमाइज्ड पैकेज, आईटी और आयुष के क्षेत्र में अनंत संभावनाएं हैं।

*****

**आरके / आरआर / पीआर**

(Release ID: 1984538) Visitor Counter : 211

Read this release in: English